<u>प्रसार भारती</u>

<u>भारतीय प्रसारण निगम</u>

<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>05.06.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे</u>

पर्यावरण दिवस

आज पूरी दुनिया में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। यह हर साल 5 जून को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 1973 में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के तहत की गई थी। इस दिवस का उद्देश्य पृथ्वी पर जीवन को सुरक्षित रखने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर राजधानी शिमला में एंटी चिट्टा व स्वच्छ पर्यावरण जागरूकता मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने इस मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जबकि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विजेताओं व प्रतिभागियों को सम्मानित करेंगे। एक रिपोर्ट–

डिस्पैच– योगराज–44 सैकण्ड

<u>राज्यपाल</u>

इस बीच, राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने मैराथन के दौरान उपस्थित युवाओं व लोगों को पर्यावरण संरक्षण व नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है और इस धरती मां के संरक्षण के लिए सबसे पहले व्यग्तिगत रूप से प्रयास करने होंगे। उन्होंने नशे के खिलाफ हिमाचल पुलिस के प्रयासों व युवाओं की भागीदारी की भी सराहना की।

बाईट–राज्यपाल

इधर, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

बाईट–मुख्यमंत्री

<u>पौधरोपण</u>

पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उददेश्य से भाजपा प्रदेश भर में एक माह का पौधरोपण अभियान चलाएगी। इस अभियान में जनभागीदारी से हजारों पौधे रोपे जाएंगे। प्रदेश भाजपा के अनुसार इस दौरान विभिन्न जिलों, मंडलों व बूथ स्तर तक पौधरोपण कार्यक्रम के जरिए आम जनमानस को पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। प्रदेश भाजपा नेतृत्व सहित जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी आज विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान पौधरोपण करेंगे।

<u>इस्तीफा</u>

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व सीपीएस नीरज भारती ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की है। नीरज भारती ने लिखा है कि ये फैसला उनके लिए आसान नहीं था, क्योंकि वे हमेशा से कांग्रेस पार्टी के लिए एक निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते रहे हैं। उन्होंने प्रदेश में कांग्रेस सरकार के पिछले साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता पर असंतोष व्यक्त किया। गौरतलब है कि नीरज भारती के पिता चंद्र कुमार प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री हैं।

<u>हाईकोर्ट</u>

प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसके तहत स्थानीय विधायक को संबंधित नगर परिषद या नगर पंचायत चुनाव में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव में वोट डालने का अधिकार दिया है। न्यायाधीश

विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने इस मुददे से जुड़ी विभिन्न याचिकायों की सुनवाई के बाद ये आदेश जारी किए हैं। न्यायालय के इन आदेशों के बाद विधायक संबंधित नगर परिषद व नगर पंचायत के अध्यक्ष–उपाध्यक्ष के चुनाव में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। न्यायालय ने राज्य सरकार व राज्य चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि प्रदेश के नगर निकायों में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को बिना किसी बाधा के पूरा करें। ये चुनाव केवल निर्वाचित पार्षदों की इच्छा और बहुमत के आधार पर ही होगा। मामले की अगली सुनवाई 17 जुन को होगी।